डॉ० बी. राजेन्दर
भा० प्र० से०
अपर मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
सामन्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांकः- बि0प्र0सु0मि0सो0/विविध-36/2011 सो0.......... दिनांकः-.......

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
खगड़िया।

विषयः- लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक दिनांक 27.11.13 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में प्रमण्डलीय आयुक्त एवं जिला पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की मासिक समीक्षात्मक बैठक में लोक सेवाओं का अधिकार अन्तर्गत दण्डित किये गये लोक सेवकों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दिनांक 16.08.11 से 15.11.2013 की अवधि में खगड़िया जिले में एक भी लोक सेवक को दण्डित नहीं किया गया है। इस संबंध में निदेश दिया गया है कि दण्डात्मक कार्रवाई के पश्चात लगायी गयी पेनाल्टी राशि की वसूली भी की जाए। वरीय उपसमाहर्त्ता को मेन्टर नियुक्त किया जाए एवं साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जाए, जिसमें प्रमुख रूप से आर. टी.पी.एस. काउन्टर में लंबित मामलों तथा अंचलों में अस्वीकृत आवेदनों की कारणों की भी समीक्षा की जाए।

अनुरोध है कि उक्त के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
ह0/-
(डा0 बी0 राजेन्दर)
अपर मिशन निदेशक

ज्ञापांकः- बि0प्र0सु0मि0सो0/विविध-36/2011 सो0..1387.. दिनांकः-..10.12.2013

प्रतिलिपिः- सभी जिला पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 10.12.2013
अपर मिशन निदेशक

कार्यालय :-सिंचाई बैरक नं. -1 हार्डिंग रोड, पटना-800015 फोनः-0612-2545191, फैक्स-0612-2215908
e-mail : amd.bpsm@gmail.com, web : www.bpsm.bih.nic.in